MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

हर्षिल हॉस्पिटल
क्रिटिकल केयर एण्ड पेन सेन्टर
डॉ. हिमांशू वर्मा
MBBS, MD, FICM, FIPM
क्रिटिकल केयर एवं पेन फिजिशियन
Advanced ICU & OT 24x7 Emergency Operation | TPA/कैशलेस की सुविधा उपलब्ध
पता:- प्लाट नं. 4 राघव पेट्रोल पम्प के सामने, बुखारा, बरेली
Mob : 9458702280, 8937810741

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
बी.डी.एस.
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
उपलब्ध सुविधायें
• शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
• दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler)
• हिलते हुए दांतों को जाम करना।
• दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT)
• मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
• दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
• सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling)
• टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces)
• डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/ Bridges)
• मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
• गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज।
• एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा
सम्पर्क करें:-
9997317000, 0581-4508701
स्थान परिवर्तन
प्रभा टाकीज के सामने वाली रोड, महाजन स्क्वायर 35/के रामपुर गार्डन, जीवन ज्योति अस्पताल के बराबर में, बरेली

# मनौना धाम में कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

संवाददाता, आंवला

● महंत ओमेंद्र के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कलश यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु, दिखा उत्साह

**अमृत विचार :** मनौना धाम स्थित बाबा श्याम के मंदिर में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में मंदिर महंत ओमेन्द्र महाराज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

सात अक्टूबर को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चार दिन पहले से ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आरंभ किए गए हैं। जिसके लिए काशी से आए 11 सदस्यीय ब्राह्मण मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान करा रहे हैं। कलशयात्रा के बाद पंचांग पूजन और कर्म कुटी जैसे अनुष्ठान किए गए। मंदिर व्यवस्थापक श्यामेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को अधिवास-अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं मेवाधिवास का आयोजन किया जाएगा। पांच अक्टूबर को घृताधिवास, मधुधिवास, दधिधिवास, तीर्थजला अधिवास और जलाधिवास संपन्न होंगे। छह अक्टूबर को औषधि स्नान, नगर भ्रमण और सैया अधिवास होगा। सात अक्टूबर को मुख्य कार्यक्रम के तहत मूर्ति स्थापना, हवन, पूर्णाहुति के साथ मंदिर के महंत ओमेन्द्र महाराज का जन्मदिन समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आठ अक्टूबर को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन भव्य रुद्राभिषेक के साथ किया जाएगा। इस दौरान निहाल सिंह, आर्येन्द्र सिंह चौहान, महेश कठेरिया, धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मनौना धाम में आयोजित कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

## बिजली कटौती ने किया परेशान

● लोगों ने बिजलीघर के कर्मियों पर लगाया मनमानी का आरोप

**अलीगंज, अमृत विचार :** कस्बा व आसपास के क्षेत्र में शाम के समय बिजली कटौती की जा रही है। इसकी वजह से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बिजलीघर के कर्मियों पर आपूर्ति देने में मनमानी करने का आरोप लगाया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि रोजाना शाम 6 बजे के बाद बिशरतगंज देहात फीडर की आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिसके चलते लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है। आरोप है कि अतिरिक्त बिजली कटौती ने हालात बदतर कर दिए हैं। मझगवां गांव के राजीव कश्यप, डॉ. शिव कुमार शर्मा, ठाकुरदास कश्यप आदि ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए जब बिजलीघर के अधिकारियों को फोन किया जाता है तो वे कॉल रिसीव नहीं करते हैं। लगातार हो रही अनियमित कटौती और शिकायतों की अनदेखी से उपभोक्ताओं में आक्रोश है।

# हादसे में स्कूल संचालक की मौत, लगाया जाम

## सिरौली-अलीगंज मार्ग पर दो घंटे थमे रहे वाहनों के पहिये, पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में एक स्कूल संचालक की मौत हो गई। परिजनों ने बाइक चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिरौली-अलीगंज मार्ग जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक मार्ग पर वाहनों के पहिए थमे रहे। पुलिस ने किसी तरह गुस्साए परिजनों को शांत कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गांव खटेटा निवासी रनवीर यादव (45) का गांव के ही पास में स्कूल है। शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:50 बजे वह बाइक से स्कूल संबंधी कार्य से गांव लभारी जा रहे थे। गांव गुलड़िया के पास उनके आगे चल रहे बाइक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे उनकी बाइक दूसरी बाइक में पीछे से टकरा गई। हादसे में उनकी मौके पर ही सांसें थम गईं। पीछे से आ रहा एक अन्य बाइक चालक भी घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने बाइक चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सिरौली-अलीगंज मार्ग पर जाम लगा दिया। कुछ ही देर में मार्ग पर वाहनों की कतारें लग गईं। आंवला थाने के इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर और नायब तहसीलदार दीप्ति पाल मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को समझाकर शांत कराया। गांव के पूर्व प्रधान भी आ गए। उन्होंने भी मृतक के परिवार वालों को समझाया। इसके बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर क्राइम भारत सिंह ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



सिरौली-अलीगंज मार्ग पर एकत्र लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

### हेलमेट लगा होता तो बच सकती थी जान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रनवीर यादव हेलमेट नहीं लगाए थे। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। काफी दूर तक वह बाइक से खिचड़ते हुए चले गए थे। लोगों का कहना था कि अगर हेलमेट लगा होता तो शायद उनकी जान बच जाती। इस घटना से स्कूल संचालक के परिजन सदमे में हैं।

### दो मजदूरों की मौत के बाद परतापुर में मातम

**मीरगंज, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की टक्कर से जान गंवाने वाले भानु और भोगराज एक ही गांव के रहने वाले थे। दोनों की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया। बताते हैं कि कार तेज रफ्तार से दौड़ाई जा रही थी। रास्ते में चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में घायल अन्य तीन मजदूर भी इसी गांव के रहने वाले हैं। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। थाना शाही एसओ धर्मेंद्र विश्नोई ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है।



### सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल

**मीरगंज, अमृत विचार :** कैलाश गिरी मढ़ी और मदनापुर के बीच शुक्रवार देर शाम एप्रोच रोड कटाव के चलते बाइक सवार दो युवक गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान पवन निवासी बिल्सी जिला बदायूं और देवेंद्र निवासी आंवला के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां पर एप्रोच रोड कटी हुई है, वहां पर कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगा है। मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि कोई हादसा न हो।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, अलीगंज :

● रामलीला में रावण का पुतला दहन किया गया, गूंजे जयकारे

**अमृत विचार :** कस्बे में चल रही रामलीला में शुक्रवार कलाकारों ने रावण वध लीला का मंचन किया। रावण का पुतला दहन किया गया। इस दौरान श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। इसके साथ ही रामलीला का समापन हो गया। वहीं दंगल में पहलवानों ने दमखम दिखाया।

मेले में दूर-दराज के पहलवानों ने अखाड़े में दांव-पेच दिखाए। विजयी पहलवानों को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जीराज सिंह यादव, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, संरक्षक आनंद प्रकाश गुप्ता ने पुरस्कृत किया। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों के साथ बड़ों ने झूलों का आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद रही। थानाध्यक्ष जगत सिंह, एसआई शाहिद खान टीम के साथ मौजूद रहे।



दंगल में पहलवानों का हाथ मिलवाते रेफरी व आयोजक। ● अमृत विचार

### भूटान के पहलवान ने तूफान को दी पटखनी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे की रामलीला मेले में आयोजित दंगल में भूटान के पहलवान चिंग-चिंग ने मथुरा निवासी नामचीन पहलवान तूफान सिंह को पटखनी देकर कुश्ती जीत ली। विजेता पहलवान चिंग-चिंग को आठ हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। दंगल देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विजेता पहलवान के साथ लोगों ने सेल्फी भी ली।

## तुमड़िया में प्राथमिक स्कूल खोलने की मांग

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर गांव तुमड़िया में प्राथमिक विद्यालय खोले जाने की मांग की है।

सुनीता गंगवार ने बताया कि गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्कूल है। रास्ते में आवारा कुत्तों और सांड़ के हमले का खतरा बना रहता है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर गांव में प्राथमिक विद्यालय का संचालन हो। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक आदेशों की अनदेखी कर विद्यालय नहीं खुलने दे रहे हैं। इस दौरान प्रेम पाल, रीना कुमारी, राजेश, ममता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस दौरान पुलिस और प्रशासन अलर्ट रहा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने सगे पुत्र जाफर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अशरफ अली पुत्र अल्ला नूर निवासी ग्राम सत्तारनगर, पो. मण्डोरा, थाना अलीगंज, बरेली**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड सं. 909336516377 में मेरा नाम विदेश कुमार (Videsh Kumar) दर्ज है। जो सही एवं वास्तविक नाम है, जबकि मेरे डी.एल. संख्या- UP2519910001304 में नाम V.K. Singh S/O Chhadammi Singh दर्ज है, जो कि अशुद्ध है। भविष्य में मैं विदेश कुमार (Videsh Kumar) पुत्र छदम्मी सिंह (Chadammi Singh) के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा। **विदेश कुमार (Videsh Kumar) पुत्र छदम्मी सिंह (Chadammi Singh) निवासी कंजादासपुर नगरिया परीक्षत थाना इज्जतनगर जिला बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह और भूपेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह ने ऊषा किरन पत्नी केशव कुमार सक्सेना को प्लाट रकवा में से 100 वर्ग गज को खसरा सं. 979 ग्राम नेकपुर परगना और तहसील और जिला बरेली उत्तर प्रदेश कि रजिस्टर्ड पिछले मूल बैनामें जिसकी दिनांक 15.12.1990 वही सं. 1 जिल्द सं. 13158 पृष्ठ संख्या 204 से 206 क्रमांक 3138 को बरेली में हुई थी। जो कहीं खो गई है। जिसकी सूचना पुलिस को 29.9.2025 को दे दी गई है। किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह बैंक आकर संपर्क करें। **दीपक कुमार, आई.डी.बी.आई बैंक, सिविल लाइंस, बरेली (उ.प्र.)-243001**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## स्वयंसेवकों ने कस्बे में पथ संचलन निकाला

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवकों ने शुक्रवार को संघ के विभाग प्रचारक कौशल कुमार व वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में कस्बे में पथ संचलन निकाला। पथ संचलन की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर से हुई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. यशपाल सिंह रानू, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन राज मिश्रा, उपेंद्र कठेरिया, पप्पू शर्मा, अमित मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल, रामाधार गुप्ता संजय गुप्ता, कामराज मिश्रा, फारूक अहमद, विकास मिश्रा, अरुणमिश्रा, ऋषभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।



पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी, बरेली
की ओर से आप सभी को
नवरात्रि, दशहरा, धनतेरस, दिपावली, भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. जगपाल सिंह यादव
प्रदेश संगठन महासचिव (उ०प्र०)
पूर्व प्रत्याशी, 25 - बरेली लोकसभा
मो. 9520396515

# मंदिर की राह पर कूड़े के ढेर पालिका प्रशासन बेपरवाह



आंवला-मनौना बाईपास रोड किनारे लगे कूड़े के ढेर। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

● आंवला-मनौना बाईपास किनारे गंदगी के ढेर से उठ रही दुर्गंध
● मनौना धाम में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रही हैं भव्य तैयारियां

**अमृत विचार :** बाबा श्याम मंदिर मनौना धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भव्य तैयारियां चल रही हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, मगर आंवला -मनौना बाईपास किनारे गंदगी के ढेर लगे हैं, जिनसे दुर्गंध उठ रही है, मगर अफसोस, नगर पालिका को इससे कोई सरोकार नहीं है। मनौना धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को इसी राह से गुजरना पड़ रहा है।

मंदिर समिति की ओर से निर्माणाधीन मंदिर का कार्य पूरा कर लिया गया है। 7 अक्टूबर को बाबा श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम निश्चित किया गया है। इसके तहत अनुष्ठान की शुरुआत शुक्रवार को हुई। कार्यक्रम में देश-विदेश से भक्त और जनप्रतिनिधि शमिल होंगे। मंदिर व्यवस्थापक श्यामेंद्र सिंह चौहान के अनुसार आयोजन को लेकर समिति की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, लेकिन नगर पालिका परिषद की ओर से आंवला-मनौना बाईपास किनारे कूड़े के ढेर लगे होने से श्रद्धालुओं को दुर्गंध और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मनौना गांव में भी सफाई व्यवस्था की स्थिति खराब है। नगर पालिका चेयरमैन सैय्यद आबिद अली का कहना है कि शीघ्र कूड़ा हटवा दिया जाएगा।

## चौकी इंचार्ज पर गाजियाबाद में दुष्कर्म की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : नवाबगंज थाना क्षेत्र की चौकी में तैनात चौकी इंचार्ज के खिलाफ गाजियाबाद के लोनी थाने में कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि चौकी प्रभारी ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किए। शादी का दबाव बनाने पर उन्होंने साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि 2024 में गाजियाबाद स्थित आर्य समाज मंदिर में उससे शादी भी कर ली। बाद में उसे पता चला कि चौकी इंचार्ज पहले से शादी-शुदा हैं। पीड़िता ने बताया कि उसका 2019 में पड़ोसी से विवाद हुआ था। उस मामले की जांच करने के लिए आरोपी दरोगा घर पहुंचे थे। उस दौरान दोनों ने एक दूसरे का नंबर लिया। उसके बाद बातचीत शुरू हुई बाद में दोनों ने शादी करने का फैसला किया।

# सीबीगंज के आईटीआर में पटाखा बाजार लगाना असुरक्षित, मैदान में जगह कम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिवाली पर अस्थायी पटाखा बाजार लगाने को लेकर सीएफओ ने प्रशासन को भेजी जांच रिपोर्ट
- पटाखा बाजार लगाने के लिए प्रस्तावित आठ स्थानों की सुरक्षा परखी, सीबीगंज में आपत्ति लगाई
- अस्थायी पटाखा बाजार 19 से 21 अक्टूबर तक लगेगा

**अमृत विचार:** दिवाली पर तीन दिन लगने वाले अस्थायी पटाखा बाजारों के प्रस्तावित स्थलों की सुरक्षा मानकों के अनुसार जांच कराकर सीएफओ ने रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है। आठ में से सात स्थलों को मानकों के अनुसार फिट बताते हुए दुकानों की संख्या भी स्पष्ट की, लेकिन सीबीगंज के आईटीआर चलचित्र निगम की जमीन पर लगने वाले पटाखा बाजार को असुरक्षित बताया है। रिपोर्ट में बताया है कि क्षेत्रफल कम होने के साथ नियमों के विरुद्ध फुटकर विक्रेताओं के दुकानों के मध्य तीन मीटर की दूरी न रखने, दुकानें आसपास लगाने व आमने-सामने दुकानें बनाने की वजह से प्रस्तावित स्थल पर अग्नि सुरक्षा एवं जीवरक्षा के दृष्टिगत संवेदनशील है। प्रस्तावित स्थल पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें लगाया जाना संभव नहीं है।

अस्थायी पटाखा बाजार 19 से 21 अक्टूबर तक लगेंगे। सीएफओ ने प्रभारी अधिकारी शस्त्र एडीएम सिटी को भेजी अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि दिवाली पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों पर बिक्री के लिए स्थलों के चयन के लिए 23 सितंबर को मिले पत्र का संज्ञान लेकर प्रस्तावित स्थलों का अग्नि सुरक्षा एवं जीवरक्षा के दृष्टिकोण से अग्निशमन अधिकारी सिविल लाइंस और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परसाखेड़ा से निरीक्षण कराया गया।

दोनों अधिकारियों ने प्रस्तावित आठ स्थलों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट दी। सीएफओ ने रिपोर्ट में बताया कि मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के मैदान में करीब 30 दुकानें, कैंट सदर बाजार में चर्च के पास सड़क किनारे करीब 10 दुकानें, हार्टमन कॉलेज के रामलीला मैदान में 40 दुकानें, इस्लामिया इंटर कॉलेज ग्राउंड में 30 दुकानें, कैंट में विशप कॉनराड स्थल जूनियर विंग से सटी खड़ंजा पट्टी में 10 दुकानें, सुभाषनगर रेलवे मैदान में 15 दुकानें, तिलक इंटर कॉलेज के मैदान में 5 दुकानें लगना प्रस्तावित किया लेकिन सीबीगंज के आईटीआर चलचित्र निगम की भूमि पर एक भी दुकान लगाना प्रस्तावित नहीं किया। सीबीगंज के मामले में कहा कि प्रस्तावित स्थल का क्षेत्रफल कम है और आतिशबाजी की दुकानें लगाया जाना संभव नहीं है। हालांकि अब प्रशासन सीबीगंज के प्रकरण में अपने स्तर से भी जांच कराएगा। इसके बाद तय किया जाएगा कि सीबीगंज के प्रस्तावित स्थल पर अस्थायी बाजार लगेगा या नहीं।

### इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान के साथ जीआईसी में भी पटाखा बाजार तय, प्रशासन तय करेगा दोनों में कहां सजेगा बाजार

बड़ा बाजार के प्रदीप कुमार गुप्ता ने कुछ दिन पहले अस्थायी पटाखा बाजार इस्लामिया मैदान में लगाने की जगह राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में लगाने की मांग करते हुए जनता दर्शन में डीएम से गुहार लगाई थी। डीएम के निर्देश पर सीएफओ ने इस्लामिया मैदान के साथ राजकीय इंटर कॉलेज मैदान का निरीक्षण कराया। इसके बाद सीएफओ ने अपनी रिपोर्ट प्रभारी अधिकारी शस्त्र को भेजी। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में करीब 40 दुकानें लगाने की बात कही, लेकिन दोनों मैदान अगल-बगल हैं, ऐसे में एक ही मैदान पर तीन दिन के लिए अस्थायी पटाखा बाजार सजेगा। ऐसी स्थिति में प्रशासन को निर्णय लेना है कि पटाखा बाजार इस्लामिया या जीआईसी मैदान में लगेगा। अभी इस संबंध में कोई निर्णय नहीं हुआ है। बताते हैं कि एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने नगर मजिस्ट्रेट से इस संबंध में निरीक्षण रिपोर्ट मांगी है।

# सर्दी में कोहरे की वजह से 14 ट्रेनें रहेंगी निरस्त

## रेलवे ने सुरक्षित सफर की वजह से लिया निर्णय, 1 दिसंबर से 20 फरवरी 2026 तक सेवाएं होंगी प्रभावित, कई की अवधि घटाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने सर्दी में घने कोहरे को देखते हुए 1 दिसंबर से 20 फरवरी 2026 तक कई ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा कई ट्रेनों की अवधि घटाई है।। इस निर्णय से बरेली समेत पूरे मंडल के हजारों यात्री प्रभावित होंगे।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 14 ट्रेनों का पूर्ण निरस्तीकरण किया गया है। इनमें काठगोदाम-आनंद विहार टर्मिनल जनशताब्दी, कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली शताब्दी, कानपुर-छिबरामऊ, मथुरा-आंनद विहार, लखनऊ-बरेली, जम्मूतवी-काठगोदाम, आसनसोल-देहरादून समेत कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। कुछ गाड़ियां पूरे महीने के निश्चित दिनों में नहीं चलेंगी, जबकि कुछ का परिचालन पूरी अवधि के लिए रद्द रहेगा। इसके अलावा आठ गाड़ियों का संचालन घटाई गई आवृत्ति के साथ किया जाएगा। ये ट्रेनें सप्ताह में सीमित दिन ही चलेंगी।

### पूर्ण रूप से निरस्त रहेंगी ये ट्रेनें

12037/12038 काठगोदाम-आनंद विहार टर्मिनल जनशताब्दी एक्सप्रेस 2, 9, 16, 23, 30 दिसम्बर 2025 एवं 6, 13, 20, 27 जनवरी, 3, 10, 17 फरवरी 2026 को, 12209/12210 कानपुर छिबरामऊ एक्सप्रेस 5, 12, 19, 26 दिसंबर 2025 व 2, 9, 16, 23, 30 जनवरी, 6, 13, 20 फरवरी 2026 को, 14004/14003 मथुरा-आनंद विहार एक्सप्रेस 1 दिसम्बर 2025 से 20 फरवरी 2026 तक चुनिंदा तिथियों में, 14321/14322 लखनऊ- बरेली इंटरसिटी एक्सप्रेस 1 दिसम्बर 2025 से 20 फरवरी 2026 तक कई दिनों में, 14615/14616 जम्मूतवी-काठगोदाम एक्सप्रेस 2, 9, 16, 23, 30 दिसम्बर 2025 व 6, 13, 20, 27 जनवरी, 3, 10, 17 फरवरी 2026 को और 14631/14632 आसनसोल-देहरादून एक्सप्रेस 1 दिसम्बर 2025 से 20 फरवरी 2026 तक चुनिंदा तिथियों में पूरी तरह से निरस्त रहेंगी।

### पूर्वांचल की ट्रेनों में रिग्रेट, 15 अक्टूबर से हो सकती है मारमारी

पूर्वांचल, बिहार और पंजाब की रेगुलर ट्रेनों में रिग्रेट के हालात हैं। कंफर्म सीट न होने से ट्रेनों में मारामारी 15 अक्टूबर के बाद से बढ़ने के आसार हैं। मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति (12558)में 10 से 15 अक्टूबर तक रिग्रेट की स्थिति है। यही हाल पोरबंदर एक्सप्रेस (19269)का है। पुरबिया एक्सप्रेस15280 में 3 एसी कोच में 17 व 24 अक्टूबर को वेटिंग डेढ़ सौ के पास पहुंच चुकी है। हालांकि रेलवे की स्पेशल ट्रेनों से राहत की उम्मीद है, क्योंकि इनमें अभी लंबी वेटिंग नहीं है। अवध असम, मुजफ्फरनगर सप्तक्रांति समेत अन्य ट्रेनों को छोड़ दें तो पूजा स्पेशल ट्रेनों में मारामारी कम है। अमृतसर की ओर जाने वाली पंजाब मेल, दुर्गियाना, शहीद समेत अन्य गाड़ियों में रिग्रेट की स्थिति है। अमृतसर पूजा स्पेशल, जयनगर क्लोन, न्यू जलपाईगुड़ी समेत त्योहार स्पेशल ट्रेनों में एसी कोच फुल हुए हैं। इनमें अभी वेटिंग की शुरुआत हुई है। बीच के दिनों में तमाम कोचों में सीटें खाली है। 10 से 15 अक्टूबर के बीच समस्तीपुर त्योहार स्पेशल में-04016 में स्लीपर में वेटिंग 19 तक पहुंची है। 3 व 2 एसी कोच में भी वेटिंग की शुरुआत है। वीकली दिल्ली-गोरखपुर-05058 में स्लीपर क्लास में 24 अक्टूबर को 95 वेटिंग है पर 31 अक्टूबर को 183, 7 नवंबर को 166 व 14 नवंबर को एक सीट खाली है। 3 ई में तो भरपूर सीटें हैं। इसी तरह जोधपुर से गोरखपुर-04829 स्पेशल में 10 अक्टूबर को सीटें हैं पर 17 व 24 अक्टूबर को वेटिंग है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता का कहना है कि ट्रेनों की आरक्षण स्थिति को देखते हुए समय समय पर स्पेशल ट्रेनें का नोटिफिकेशन जारी किया जा रहा है। रेलवे की प्राथमिकता है कि यात्रियों को त्योहार पर सफर सुविधा जनक हो।

### यात्रियों की सुविधा को स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त ठहराव दिया

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में कई स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। मंडल की ओर से जारी सूचना के अनुसार इन ट्रेनों में कुछ को अस्थायी रूप से अतिरिक्त ठहराव भी दिया गया है ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को लाभ मिल सके। इन ट्रेनों का संचालन दीपावली, छठ और क्रिसमस पर्व पर किया जाएगा। दिल्ली, पटना, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, दरभंगा, आसनसोल, रांची, फरीदाबाद, मुंबई, अहमदाबाद, इंदौर सहित कई प्रमुख शहरों के लिए सीधी ट्रेनें उपलब्ध होंगी। नई दिल्ली-धनबाद (04456/04455), आनंद विहार-सीतामढ़ी (04016/04015), चंडीगढ़-पटना (04504/04503), अमृतसर-छपरा (04608/04607), दिल्ली-सीतामढ़ी (04021/04022), गोरखपुर-नैनीताल (05023/05024), धनबाद-चंडीगढ़ (03311/03312), सहारनपुर-आनंद विहार (05575/05576), मऊ-अंबाला (05301/05302) और गोरखपुर-जौनपुर (04830/04831) जैसी दर्जनों ट्रेनें चलेंगी। इसके अलावा कई ट्रेनों में अस्थायी ठहराव दिए गए हैं। हापुड़, शाहजहांपुर, हरदोई, मुरादाबाद और बरेली स्टेशनों पर कई ट्रेनों का ठहराव 10 अक्टूबर तक प्रभावी होगा। सीतामढ़ी-आनंद विहार (04015) और दिल्ली-सीतामढ़ी (04021) का ठहराव शाहजहांपुर और हरदोई में 5 अक्टूब से लागू होगा।

### त्योहारों के दौरान चलेंगी चार स्पेशल ट्रेनें

त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने योगनगरी ऋषिकेश, पश्चिम बंगाल, बिहार के विभिन्न स्टेशनों के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। मुरादाबाद मंडल की ओर से जारी सूचना के अनुसार चार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी जो बरेली होकर गुजरेंगी। ट्रेन संख्या 04312 योगनगरी ऋषिकेश-सियालदह त्योहार स्पेशल का संचालन 11 अक्टूबर से 15 नवंबर तक किया जाएगा। यह ट्रेन शनिवार को योगनगरी ऋषिकेश से प्रस्थान कर हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, रायबरेली, वाराणसी, गया, धनबाद होते हुए अगले दिन सियालदह पहुंचेगी। वापसी में 04311 सियालदह-योगनगरी ऋषिकेश त्योहार स्पेशल 13 अक्टूबर से 17 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। इसी तरह से 04314 योगनगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर त्योहार स्पेशल 29 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार और रविवार चलेगी। यह ट्रेन भी हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, गोरखपुर, हाजीपुर होते हुए मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। जबकि वापसी में 04313 मुजफ्फरपुर-योगनगरी ऋषिकेश त्योहार स्पेशल 10 अक्टूबर से 01 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को चलाई जाएगी।।

# आईजीआरएस: रैंकिंग प्रभावित न हो इसलिए कलेक्ट्रेट में जुटे कई विभागों के कर्मचारी

- कलेक्ट्रेट के कंप्यूटर रूम में बैठकर आईजीआरएस पर आ रही शिकायतों के निस्तारण को कर रहे कार्य
- इंटरसेवा और ब्रॉडबैंड सेवा प्रभावित होने से ज्यादातर विभागों में ऑनलाइन कार्य हुआ प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार:** बवाल के बाद सुरक्षा कारणों से इंटरनेट सेवा बंद करने का असर ज्यादातर सरकारी विभागों के ऑनलाइन कामकाज पर पड़ा है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल आईजीआरएस पर रोज आने वाली शिकायतों के निस्तारण के संबंध में किए जाने वाले कार्य प्रभावित न हों इसलिए ज्यादातर विभागों के आईजीआरएस का कार्य करने वाले कर्मचारी कलेक्ट्रेट में डेरा जमाए हैं, ताकि समय से पहले काम कर रैंकिंग को प्रभावित होने से बचाया जा सके।

शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे तक कलेक्ट्रेट के कंप्यूटर रूम में ज्यादातर विभागों के एक-एक कर्मचारी अपनी फाइल लेकर पहुंच गए। लीज लाइन होने से कलेक्ट्रेट के एनआईसी और कंप्यूटर रूम के साथ सभी अनुभागों के पटलों के कंप्यूटर पर ऑनलाइन सेवाएं जारी हैं। यही वजह है कि कलेक्ट्रेट में ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित नहीं हैं। कलेक्ट्रेट के बगल में कोषागार में भी कार्य हो रहे हैं।

ज्यादातर सरकारी विभागों में इंटरनेट बंद होने की वजह से कामकाज प्रभावित हुआ है। कर्मचारियों ने बताया कि अन्य कार्य एक दिन बाद कर लेंगे मगर आईजीआरएस का कार्य रूटीन में एक दिन भी प्रभावित हुआ तो शिकायत लंबित होने का असर रैंकिंग पर पड़ सकता है। रैंकिंग पर कोई असर न पड़े इसलिए कलेक्ट्रेट के कंप्यूटर रूम में बैठकर आईजीआरएस का कार्य कर रहे हैं। वहीं तहसील सदर में भी कार्य प्रभावित रहा।

कर्मचारी ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित होने से कलेक्ट्रेट में घूमते नजर आए। तहसील गेट और कलेक्ट्रेट गेट के बाहर ज्यादातर फोटो शॉप में ऑनलाइन कार्य प्रभावित होने से भीड़ भी कम नजर आई।






# इस बार नहीं निकलेगा जुलूस-ए-गौसिया

## दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने बैठक के बाद लिया निर्णय, 24 साल से लगातार निकल रहा था जुलूस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर के अमन-चैन को कायम रखने के लिए दरगाह आला हजरत और अंजुमन गौस-ए-रजा की ओर से 24 साल से लगातार निकाले जा रहे जुलूस-ए-गौसिया को इस बार न निकालने का निर्णय लिया गया है। कमेटी और दरगाह की ओर से दिए गए संयुक्त बयान के अनुसार जुलूस-ए-गौसिया को अगले साल पूरी शान-ए-शौकत से निकाला जाएगा।

शनिवार को 11वां शरीफ मनाया जाएगा। इसे जश्ने-गौस-ए-आजम या जुलूस-ए-गौसिया भी कहा जाता है। पहली बार बरेली में यह वर्ष 2001 में निकाला गया था।



दरगाह आला हजरत के पास दिखी चहल-पहल। ● अमृत विचार



शहामतगंज चौराहे पर तैनात फोर्स। ● अमृत विचार

उसके बाद से हर साल इसे शहर के विभिन्न इलाकों से निकाला जाता रहा है। शहर के वर्तमान हालात को देखते हुए दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां और अंजुमन गौस-ए-रजा, टीटीएस के अध्यक्ष हाजी शारिक नूरी के नायब सदर परवेज नूरी और सचिव अजमल नूरी समेत अन्य सदस्यों की शुक्रवार को दरगाह आला हजरत में बैठक हुई। बैठक में संयुक्त रूप से अपील की गई कि कि इस बार लोग अपने घरों पर फातिहा और लंगर करें। दोपहर 2 बजे सज्जादानशीन की मौजूदगी में रजा चौक पर एक रस्मी यानी संक्षिप्त कार्यक्रम किया जाएगा। हाजी शारिक नूरी ने बताया कि जुलूस-ए-गौसिया करीब 80 अंजुमनों के साथ पुराना शहर के सैलानी रजा चौक से शेख अब्दुल कादिर बगदादी, गौस पाक की शान में हर साल निकाला जाता रहा है।

# ग्रामीण की हत्या के मामले में 23 दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **जिला जज की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 85 हजार प्रत्येक पर लगाया जुर्माना**

**अमृत विचार:** रंजिश के चलते ग्रामीण की हत्या करने के मामले में जिला जज की कोर्ट ने 23 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

मिलक के गांव गंगापुर शर्की निवासी बाबू राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 22 जुलाई 2017 को वह भाई संजीव, राजीव, ताराचंद्र के साथ ग्राम समाज की जमीन देखने जंगल में कार और ट्रैक्टर से गए थे। घोसीपुरा निवासी मोहम्मद अली, बाबू, भूरा, छुटकन, जफर, अशरफ, नन्हें, इतवारी, शराफत, मैसर अली, फुरसत, फारूख, तस्वीर, शाकिर, बाबू, शौकत, अफसर, शौकत, शहादत, लियाकत, उमर अली, चांद बाबू, भगवान स्वरूप व कुछ अन्य ने लाइसेंसी व नाजायज असलाह व लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया था। तीन लोग घायल हो गए थे जबकि संजीव की मौत हो गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई जिला जज की कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट ने सभी 23 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा और प्रत्येक पर 85 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि हत्या के मामले में 23 दोषियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 85 हजार का जुर्माना लगाया है। जबकि दो बार में चार्जशीट आई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यालय के कार्यालय में लगाई आग

**शेरगढ़, अमृत विचार :** खुराफातियों ने कस्बे के एक विद्यालय के कार्यालय में आग लगा दी, जिससे जरूरी दस्तावेज और नकदी जल गई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुरुवार रात खुराफातियों ने कस्बे के युवा मंडल विद्यालय के कार्यालय में आग लगा दी। फावड़े से अलमारी को काटा। कार्यालय में जरूरी दस्तावेज रखे थे। आग में दस्तावेज व 35 सौ रुपये की नकदी जल गई। सूचना पर इंस्पेक्टर क्राइम सत्यसिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने मौका मुआयना किया। इससे पहले 10 सितंबर को कक्ष में बेंचों में आग लगा दी गई थी। 13 सितंबर को खुराफातियों ने प्रधानाचार्य कार्यालय में आग लगाई गई थी।

### बुखार से किशोरी की मौत

**नवाबगंज/रिठौरा, अमृत विचार :** कस्बा रिठौरा में एक किशोरी की दिमागी बुखार से मौत हो गई। मोहल्लाकहारान निवासी मरहूम महमूद की 17 वर्षीय बेटी नाजिया की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि किशोरी की मौत दिमागी बुखार के कारण हुई है। बताया कि नाजिया को गुरुवार को तेज बुखार आया था। पहले कस्बे में उसका इलाज कराया गया मगर आराम न मिलने पर बरेली स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चेयरमैन शकुंतला देवी आदि ने शोक जताते हुए परिजनों को सांत्वना दी।

### जिले की सीमा पर वाहन चेक किए

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में दिखा। थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शाहजहांपुर-बरेली बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग की। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि वाहन गहनता के साथ चेक किए गए। जैतीपुर रोड पर शाहजहांपुर की सीमा पर कस्बा प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने वाहनों की चेकिंग की।

### युवती की वीडियो की वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका मोबाइल घर पर था। इस पर एक कॉल आई। फोनकर्ता ने उसके मोबाइल नंबर पर वीडियो कॉल करते हुए उसकी बहन से बातचीत की। उसकी बहन से शादी करने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी ने फोटो एडिट कर पर वायरल करने की धमकी दी। जानकारी पर पता चला कि आरोपी का नाम सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेनी चौधरी निवासी दानिश है। आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो आरोपी के परिजनों ने माफी मांगते हुए दोबारा ऐसी गलती न करने की बात कही। इसके बाद 30 सितंबर को आरोपी ने उसकी बहन के फोटो वायरल कर दिए। एसओ गजरौला बृजवीर सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### युवती का अपहरण किया, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी तीन पुत्रियां है। वह अपने परिवार के साथ उत्तराखंड के रूद्रपुर में किराए के मकान में रहकर काम करती हैं। 22 सितंबर को उसकी पुत्री कमरे से सैलरी लेकर घर आ रही थी। पीलीभीत पहुंचने पर थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बरी निवासी राधे शर्मा, शांतिस्वरूप शर्मा, अंकित, विकास शर्मा ने उसकी पुत्री को अगवा कर लिया। जब इस घटना की जानकारी उसको हुई तो उसका पुत्र आरोपियों के घर गया। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों का सहयोग रीना शर्मा और जयंती देवी भी शामिल थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# मामूली विवाद में पुजारी ने युवक पर पेट्रोल डाल लगा दी आग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **मिलक थाना क्षेत्र का मामला गंभीर हालत में भर्ती**

**अमृत विचार :** मंदिर में पूजा करने गए युवक के ऊपर मामूली विवाद में पुजारी ने उसके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया।

मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम सैडोली में एक मंदिर है। जिसमें गांव का ही व्यक्ति मंदिर में पुजारी बन गया है। वह मंदिर पर ही रहता है। शुक्रवार सुबह गांव निवासी ललित(20) मंदिर में पूजा करने के लिए गया था। लेकिन वहां पहले से मौजूद पुजारी ने उसे पूजा करने से मना किया। ललित ने विरोध किया,तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी बीच पुजारी ने उसपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। ललित के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। तब तक आरोपी बाबा वहां से फरार हो गया था। घटना की सूचना पर मिलक पुलिस आ गई। उसे मिलक के अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल में घायल की बुआ ने बताया कि मंदिर में बाबा के रूप में गांव का ही व्यक्ति है जिसे घर वालों ने उसके गलत चाल चलन के चलते घर से बेदखल कर दिया है। युवक को पुजारी पूजा नहीं करने दे रहा था जिसके चलते दोनों के बीच तकरार हो गई और पुजारी ने ललित पर पेट्रोल डाल आग लगा दी। अभी मामले में तहरीर नहीं दी गई है।

## जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा रही चाक चौबंद





जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। शहर में किला जामा मस्जिद और नौ महला मस्जिद के पास फोर्स तैनात रही। ● अमृत विचार

# सड़क दुर्घटनाओं में मां-बेटी समेत तीन की मौत, तीन लोग गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर





मृतका स्वाति गुप्ता मृतका आमना गुप्ता

● **बरेली मोड़ पर डंपर से दबकर मां-बेटी और अल्हागंज में कार पुलिया से टकराने से एक की गई जान**

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि दो युवक घायल हो गया। बरेली मोड़ पर डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी और मां-बेटी की दबकर मौत हो गयी। उसके पति का दोस्त घायल हो गया। अल्हागंज थाना क्षेत्र कार पुलिया से टकरा गयी और कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी और बेटा घायल हो गया। पुलिस ने डंपर को पकड़ लिया और चालक भाग गया।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला दलेलगंज निवासी 40 वर्षीय स्वाति गुप्ता पत्नी हिमांशु गुप्ता अपनी 5 वर्षीय बेटी आमना गुप्ता को लेकर अपने पति के दोस्त प्रमोद कश्यप निवासी रोशनगंज चौक कोतवाली की बाइक पर बैठकर शुक्रवार की दोपहर बाद कांट रोड पर खाटू श्याम मंदिर जा रही थी। बरेली मोड़ से कुछ दूरी पर मंदिर के सामने कांट की ओर जा रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार स्वाति गुप्ता और उसकी बेटी आमना गुप्ता की डंपर से दबकर मौत हो गयी। जबकि प्रमोद कश्यप घायल हो गया। बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दौरान लोगों ने डंपर का पीछा किया तो चालक डंपर खड़ा करके मौका पाकर भाग गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अल्हागंज:** फर्रुखाबाद-कटरा हाईवे पर शुक्रवार की सुबह कोयला गांव के सामने कार अचानक पुलिया से टकरा गयी। कार में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और उसका बेटा घायल हो गया। हमीरपुर जिले के गांव अतरौली निवासी 70 वर्षीय आशाराम अपने बेटे भगवानदास और पौत्र राजेंद्र के साथ शुक्रवार की रात डेढ़ बजे हमीरपुर से बरेली की ओर जा रहे थे। उसका बेटा भगवान दास कार चला रहा था। कटरा-फर्रुखाबाद मार्ग पर असंतुलित होकर कार पुलिया से टकरा गई, जिससे आशाराम, उसका बेटा भगवानदास व पोता राजेंद्र घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डॉक्टर ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया। उसके बेटे और पोता को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार पुलिया से टकरा गयी थी।

# 117 अकाउंट चिह्नित, नुकसान का आकलन शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करने के मामले में सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने और शहर का कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले 117 अकाउंट को पुलिस ने चिन्हित किया है। इन अकाउंट को हैंडल करने वाले लोगों का भी पुलिस ने ब्योरा तैयार कर लिया है। जल्द ही इन सभी के घरों पर पुलिस दस्तक देगी। साथ ही बवाल के दौरान हुए संपत्तियों के नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है। इसकी उपद्रवियों से भरपाई कराई जाएगी।

बता दें कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर 26 सितंबर को आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करते हुए दुकानों में तोड़-फोड़ की थी। इस बवाल में नौमहला मस्जिद के सामने एक क्लीनिक में भी तोड़फोड़ की गई थी। साथ ही पुलिस कर्मियों की गाड़ियों और आम लोगों की कई बाइकें भी टूटी थीं। उधर, बवाल के दौरान कई स्थानों पर और भी तोड़-फोड़ कर उपद्रव मचाया गया था।



इस्लामिया रोड पर फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते अफसर। ● अमृत विचार

● **बवाल के बाद सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती**

● **नुकसान का आकलन करके बवालियों से पुलिस कराएगी भरपाई**

पुलिस बवाल के दौरान हुए नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। इसे उपद्रवियों से वसूल की जाएगी।

उधर, पुलिस ने बवाल शुरू होने से लेकर बवाल के बाद तक के दौरान सक्रिय रहे सोशल मीडिया अकाउंट को चिन्हित किया। इसमें पुलिस ने पहले करीब आठ हजार अकाउंट की लिस्ट तैयार की। उसके बाद उसमें से 117 अकाउंट की फाइनल सूची बनाई गई। जो बवाल के पहले से बाद तक अफवाहें फैला कर जिले का माहौल खराब करना चाहते थे। कइयों ने तो उपद्रवियों के संपर्क में रहकर लगातार अफवाहें फैला कर बवाल कराने की कोशिश में लगे रहे। चिन्हित किए गए सोशल मीडिया अकाउंट में 32 अकाउंट एक्स (ट्विटर) के हैं, जबकि अन्य अकाउंट फेसबुक और इंस्ट्राग्राम की है। जल्द ही इन्हें हैंडल करने वाले पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### मैदान की भूमि पर निर्माण कार्य रुकवाया

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव अगरास में महापुरुष बाबा की मढ़ी के पास में ही मैदान है। इसी मैदान पर ध्वजा मेला लगता है। यहां पर सहकारी समिति है। क्षेत्र पंचायत की ओर से मैदान की भूमि पर सहकारी समिति के आगे टाइल्स लगाने और बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य तेजश्वरी सिंह मौके पर पहुंचीं। ब्लॉक प्रमुख किरन यादव के प्रतिनिधि सतेंद्र यादव भी वहां आ गए।

उन्होंने जिला पंचायत सदस्य और ग्रामीणों को भरोसा दिया कि यहां जो निर्माण का प्रस्ताव किया गया है, उसे निरस्त करा दिया जाएगा। सहकारिता विभाग के एडीओ ज्ञानेंद्र भास्कर का कहना है कि ग्रामीणों के विरोध पर निर्माण कार्य रोक दिया गया है। विरोध करने वालों में अमिति सिंह, मुकेश यदुवंशी समेत तमाम लोग शामिल रहे।

**सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह**
**(आर्डर 5, काया 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान् MACT महोदय, कोर्ट नं. जिला बाराबंकी**

वाद संख्या: 345 सन् 2020 ई.
विमलेश कुमारी आदि **बनाम** दि न्यू इण्डिया इंश्योरेंस कम्पनी लि. आदि

हरगाह श्रीमती तारा बी पत्नी मोहम्मद रफीक निवासी:- मोहल्ला शेर मोहम्मद जनपद पीलीभीत ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा हुक्म होता है कि कि आप बतारीख 02.12.2025 ई. बवक्त 10:00 बजे दिन के असालतन मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से करार वाकई वाकिफ किया हो और कुछ उमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स हो कि ऐसे सवालात के जवाब दे सकते, हाजिर हो और जवाब देही इस्तदलाल दावा को करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिस पर आपको जवाब देही के इस्सेदलाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिलका दी जाती है कि अगर बरोज़ मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा और हाजिरी आपके महमुअ फैसला होगा। बदस्त दस्तखत और मुहर अदालत के बतारीख 02.10.2025 को जारी किया गयां।

# प्रधान पति समेत 41 के खिलाफ एफआईआर

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष ने दूसरे पर तलवार और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जानलेवा हमले में कई लोग घायल हो गए। तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पीड़ित की तहरीर पर हमलावर पक्ष के 41 नामजद और अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें प्रधान पति भी शामिल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास निवासी सुमित सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार शाम लगभग छह बजे उनके परिवार के चाचा जगतपाल सिंह, चचेरे भाई रजत, उनके सगे बड़े भाई प्रदीप उर्फ शिवओम धान की फसल की निकासी करके ट्रैक्टर से वापस गांव लौट रहे थे। पुरानी रंजिश के चलते गांव के बाहर आलोक चौहान की चक्की के पास दूसरे पक्ष के लोग आ गए। उनका ट्रैक्टर रोककर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उनके पास तमंचे, पिस्टल, फरसे, तलवार, सरिया और लाठी-डंडे थे। चिल्ला रहे थे कि आज इसे मार दो। कोई भी बचना नहीं चाहिए। शोर सुनकर चंदौसी से आ रहे सोनू पुत्र मुनीश, उनके रिश्तेदार संजीव ने बचाने का प्रयास किया। तो हमलावरों ने उन्हें भी बुरी तरह से पीटा। कुछ लोग पास में धर्मपाल सिंह के घर में घुस गए। उनके घर से हरीराज को खींचकर बाहर ले आए। गांव के प्रत्युष आया तो उसे भी पीटा। हरीराज, प्रदीप उर्फ शिवओम, जगतपाल, रजत, प्रत्युष बेसुध हो गए। अन्य कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए। प्रधान पति योगेश उर्फ सीधे ने कहा कि यह लोग अभी भी जिंदा हैं। इन्हें जान से मार दो। फिर हमलावरों ने सरिया से वार कर दिया। विनोद ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की। शोर सुनकर गांव के लोग दौड़े और हमलावरों को ललकारा। हमलावर लोगों को मना जानकर हथियार लहराते हुए फायरिंग करते हुए भाग गए। प्रदीप, हरीराज सिंह, जगतपाल सिंह घायल गए।

### किशोरी को अगवा करने का आरोपी दोषमुक्त

**पीलीभीत, अमृत विचार:** किशोरी को अगवा करने के छह साल पुराने मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है।

कोतवाली पूरनपुर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर 20 मई 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि 19 मई 2019 को ग्राम ढक्का चांट का निवासी रतन मंडल पुत्र शंकर मंडल अपने साथी तपन हलधर और भाई पंकज मंडल के सहयोग से उसकी चौदह वर्षीय बहन को अगवा कर ले गया है। कई जगह तलाश करने के बाद भी बहन का कुछ पता नहीं चल सका।आरोपियों द्वारा ले जाने की बात पता चली। विवेचना के बाद अभियुक्त रतन मंडल के खिलाफ धारा 363,366 आईपीसी और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया।

**अनदेखी** | दस साल पहले आंवला- रामनगर रोड पर बना था बस स्टॉप

# बस स्टॉप पर यात्री सुविधाएं नहीं

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** कस्बे में लंबे समय से रोडवेज बस अड्डे के निर्माण की मांग उठ रही है, जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। यहां जो बस स्टॉप है, उसकी हालत बद से बदतर है। यूं कहें कि नाम का बस स्टॉप है। यात्रियों के बैठने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। यात्री सुविधाओं के दावे कागजों से आगे नहीं बढ़ सके हैं। नगर पालिका का भी ध्यान इस ओर नहीं है। यात्री परेशानियों से जूझने को मजबूर हैं।

दस साल पहले आंवला-रामनगर रोड पर भूतेश्वर तिराहे पर बस स्टॉप बना था। पहले यहां कुर्सियां थीं, मगर अब गायब हो चुकी हैं। बताते हैं कि कुर्सियां टूट चुकी हैं। यहां बाइकें खड़ी रहती हैं। सफाई व्यवस्था भी बदहाल है। यात्री सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। यात्री को बस स्टॉप पर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है, मगर जिम्मेदारों इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि स्थायी बस अड्डे की मांग पूरी होने तक कम से कम बस स्टॉप पर यात्री सुविधाओं को बेहतर करना चाहिए। पशुपाल मंत्री धर्मपाल सिंह ने 7 अप्रैल को मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से नगर में रोडवेज बस अड्डा बनाए जाने की मांग की थी। परिवहन निगम ने इस संबंध में बरेली के डीएम से निशुल्क 3 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का पत्र भेजा है। वर्तमान में यह प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर लंबित है। पालिका के पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना ने बताया कि बस स्टॉप की स्थिति अत्यंत खराब है। यात्री सुविधाएं लगभग न के बराबर हैं। नगर पालिका चेयरमैन सैय्यद आबिद अली का कहना है कि बस स्टॉप पर शीघ्र नई कुर्सियां उपलब्ध कराई जाएंगी।



पार्किंग में तब्दील हो गया बस स्टॉप। ● अमृत विचार

● **कागजों में सिमटे यात्री सुविधाओं के दावे, अफसर नहीं दे रहे ध्यान**

